Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006
Participants : Goyal Shri Surendra Prakash

>

Title: Need to permanently allot existing houses on Book Value to the factory workers of Modinagar, UP.

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) **:** महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर मोदीनगर में कार्यरत गरीब मजदूरो की नितान्त ही आवश्यक समस्या की ओर आकर्िात कर रहा हूं। मोदीनगर में वर्ाों पहले प्राइवेट फैक्ट्रीयां स्थापित की गयी थी तथा वहां पर केन्द्र सरकार की मदद से मजदूरों के लिये आवास बनाये गये थे जिनमें गरीब मजदूर लम्बे समय से रह रहे हैं। जैसा कि आपको विदित है कि ग्लोबलाइजेशन के कारण मोदीनगर की गई फैक्ट्रीयां बंद हो गयी हैं। मुझे ऐसी आशंका है कि फैक्ट्रीयां बंद होने के बाद गरीब मजदूरों से आवास खाली कराये जा सकते हैं। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि मोदीनगर में रहने वाले सभी गरीब मजदूरों को जो इन आवासों में लम्बे समय से रह रहे हैं, उन्हें बुक वेल्यू पर ये आवास आबंटित किये जायें ताकि वे अपने आगे का जीवनयापन इन्हीं आवासों में आसानी पूर्वक कर सकें।